KMGGPGC
स्थापना वर्ष-1997
Vol 7/issue 2/Oct. 2023- Dec. 2023
NAAC IInd Cycle : B++ (2.91)
Certified : ISO 9001-2015

# प्रतिबिम्ब
(NEWS LETTER)

## कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर

## प्राचार्या की कलम से



भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।केंद्रीय सरकार हो या राज्य सरकार,दोनों 5 वर्ष के अंतराल पर देश के सभी नागरिकों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से चुनी जाती है। भारत की लोकतांत्रिक बुनियाद चुनाव परिणामों पर आधारित है।हम सब भाग्यशाली हैं कि हमें वोट देने का संवैधानिक अधिकार मिला है।मताधिकार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता होती है। हर वोट मायने रखता है और यह हमारा अधिकार होने के साथ-साथ कर्तव्य भी है। वोट का उपयोग बिना किसी भय या लालच के,सूझबूझ के साथ करना चाहिए।महाविद्यालय की मतदाता जागरूकता समिति द्वारा इस वर्ष आगामी चुनाव को देखते हुए, पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक संख्या में छात्रा मतदाताओं का नामांकन कराया गया है, जिसका संज्ञान जिला प्रशासन द्वारा भी लिया गया और महाविद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की गई । इन सभी नवीन मतदाताओं द्वारा प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा। शिक्षित मतदाताओं से यही अपेक्षा रहती है कि वे इस अधिकार का महत्व समझते हुए informed decision लें और लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाएं। आज का युवा वर्ग ही कल का भविष्य है,जिस पर लोकतंत्र की नींव मजबूत करने के साथ-साथ माननीय प्रधानमंत्री जी के 'विकसित भारत' का सपना पूरा करने का दायित्व भी है। आप सभी के तथा देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ -

**प्रो.(डॉ.) दिव्या नाथ**

## महात्मा गांधी एवं शास्त्री जयंती का आयोजन



कु.मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर में दिनाँक 02 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर (डॉ.) दिव्या नाथ द्वारा विशाल प्रांगण में समस्त शिक्षकों,छात्राओं एवं एन.सी.सी कैडेट्स की उपस्थिति में ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के स्वरों के साथ एन.सी.सी कैडेट्स की सलामी ने भारत के राष्ट्रीय नायकों को युवा राष्ट्र का सलाम प्रेषित किया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत प्राचार्या डॉ. दिव्या नाथ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 अधिकारी डॉ. सीमा देवी के द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ एवं प्राध्यापकों ने छात्रों के साथ मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया । सभागार में चले आयोजन में सर्वप्रथम समारोहक डॉ. श्वेता सिंह द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई, जहाँ उनके द्वारा महात्मा गांधी के दार्शनिक विचारों की वर्तमान प्रासंगिकता तार्किक आधारों पर स्पष्ट की गई। डॉ. मिन्तु द्वारा महात्मा गांधी के जीवनदर्शन पर रामचरितमानस के प्रभाव को व्यक्त करते हुए मानस की चौपाइयों का पाठ किया गया। महात्मा गांधी कहते थे कि परिवार,समाज और राष्ट्र की समस्त समस्याओं को दूर करने की प्रेरणा उन्हें रामचरितमानस के शब्दों से मिलती है। उनके उपरान्त डॉ. शिखा रानी ने गीता के श्लोकों के माध्यम से गीता में लिखे भगवत भाव से अवगत कराया। उन्होंने गीता में वर्णित संदर्भों को महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से सम्बद्ध करते हुए कहा कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद् भगवत गीता में अर्जुन को जीवन जीने की कला से परिचित कराया तथा बताया कि व्यक्ति को मोह, ममता और हिंसा त्याग कर निष्काम भाव से सत्य और असत्य का निर्णय करना चाहिए। डॉ. जूही बिरला ने बाइबिल में ईसा मसीह के उपदेशों को पढ़कर सभागार में उपस्थित प्रत्येक मानस के मन को प्रकाशित कर दिया। उन्होंने बताया कि बाइबल मात्र धर्म ग्रंथ नहीं है बल्कि मानव

## सम्पादिका की कलम से

"लक्ष्य विदित, दृढ़ निश्चय हो
अंतस का साहस निर्भय हो।
कंटक पथ भी पुष्पित होगा
यदि निर्मल, निश्छल आशय हो।"

दूरदृष्टि, दृढ़ निश्चय और अनुशासन सफलता का मूल मंत्र है किंतु आज की युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित है। एक ओर तो कम समय में बहुत कुछ पा लेने की महत्वाकांक्षा, वहीं दूसरी ओर लक्ष्य का निर्धारण न कर पाने की विवेकहीनता । यही कारण है कि अधिकांश युवा वर्ग अपनी ऊर्जा का सम्यक रूप से प्रयोग कर पाने में असमर्थ है। यह युवाओं के साथ - साथ समाज और राष्ट्र के लिए भी चिंतनीय स्थिति है। महाविद्यालय के समस्त प्रयास दूरदृष्टि के साथ छात्र-छात्राओं को लक्ष्योन्मुखी बनाकर उन्हें ईमानदार और अनुशासित रूप से समस्त अकादमिक एवं पाठ्यसहगामी क्रिया-कलापों में प्रतिभागिता हेतु प्रेरित करतें हैं । "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत" यह उपनिषद् महावाक्य महाविद्यालय की अंतस चेतना में समाया हुआ है । जीवन में मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास भी समावश्यक है। इस उद्देश्य के दृष्टिगत महाविद्यालय नित-नूतन अनुप्रयोगों के द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है, जिसका सहज सौंदर्य प्रतिबिंब के वर्तमान अंक के माध्यम से स्वतः अनुभूत किया जा सकता है । नवोन्मेष और नवाचार के माध्यम से वर्तमान युवा पीढ़ी की ऊर्जा का व्यक्ति,समाज और राष्ट्र हेतु सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाने के स्वप्न को संजोए प्रतिबिंब का यह अंक आप सभी सुधिजनों को समर्पित है ।



**प्रो.(डॉ.) दीप्ति वाजपेयी**

जीवन का सरल सूत्र भी है। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता डॉ. परवेज शमीम ने कुरान की आयतों के माध्यम से इस्लाम धर्म में समाहित अहिंसा एवं शांति की मूल भावना से सभी को अवगत कराया। डॉ. मणि अरोड़ा ने सिखों के आदिग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब के शब्दों को गुरुवाणी के रूप में प्रस्तुत किया । उन्होंने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब में उल्लेखित दार्शनिकता कर्मवाद को मान्यता देती है। गुरुवाणी के अनुसार व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार ही महत्व पाता है। अतः उस सनातन सत्य को अपने आन्तरिक हृदय में ही खोजने व अनुभव करने की आवश्यकता है। कुं पिंकी ,बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा ने गांधीवादी विचारधारा एवं अहिंसा पर भाषण प्रस्तुत किया । डॉ. रमाकांति द्वारा एक मधुर भजन की प्रस्तुति की गयी । महात्मा गाँधी रिसर्च फाउंडेशन, जलगांव की अपील को समर्पित अहिंसा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए एक नुक्कड़ नाटिका एन. सी. सी. एवं एन. एस. एस. की छात्राओं ने डॉ.मीनाक्षी लोहानी एवं डॉ. अपेक्षा तिवारी के निर्देशन में प्रस्तुत की । अपने अध्यक्षीय उदबोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर (डॉ.) दिव्या नाथ ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी गांधी जी और शास्त्री जी के विचार पूर्ण रूप से प्रासंगिक हैं। उन्होंने आत्म - शुद्धि एवं जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानव को अपने अंतर्मन में झाँकने की और आत्म चिंतन की आवश्यकता है । शिक्षा मात्र पुस्तकों से नहीं प्राप्त होती अपितु अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं सजगता भी शिक्षा का ही रूप है। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन के अनुसार रामराज्य की परिकल्पना शांति और परस्पर स्नेह पर आधारित ऐसे राज्य की है जहाँ गरीबों,शोषितों एवं वंचितों की संपूर्ण रक्षा हो। प्राचार्या ने कहा कि छात्राओं को स्मरण रहे कि रामराज्य को अपने वास्तविक रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को अपने नियमित आचरण में सत्य,अहिंसा, मर्यादा,वीरता,क्षमा, धैर्य आदि गुणों को समाहित करना ही होगा। संगीत विभाग प्रभारी डॉ. बबली अरुण के निर्देशन में सभी शिक्षकों व छात्राओं ने महात्मा गांधी के भजन गाकर साबरमती आश्रम के शान्त एवं संगीतमय आनन्द को पुनः साकार कर दिया। रामधुन के साथ समारोह की सुमधुर समाप्ति हुई । अंत में स्टाफ क्लब प्रभारी डॉ. नितिन त्यागी द्वारा उपस्थित जनों को जलपान वितरित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता सिंह द्वारा किया गया। आयोजन के अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. कैडेट्स व एन.एस.एस. छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

## अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



दिनांक 7.10.2023 को कुमारी मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर में 'आजादी का अमृत काल :भारतीय ज्ञान परंपरा से विश्व कल्याण' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विशेष सचिव उच्च शिक्षा डॉ. गिरिजेश कुमार त्यागी जी, मुख्य वक्ता डॉ. पवन कुमार शर्मा जी, विशेष अतिथि डॉ. संजय पांडे एवं महाविद्यालय की संरक्षिका प्रो.(डॉ.) दिव्या नाथ जी ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का औपचारिक आरंभ किया। प्राचार्य (प्रो.) दिव्या नाथ जी द्वारा अतिथियों का संक्षिप्त परिचय कराया गया।वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा भारतीय संस्कृति की परंपरा का अनुसरण करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता प्रो.पवन कुमार शर्मा जी ने अपने अभिभाषण में बताया कि यदि भारतीय ज्ञान परंपरा के उत्स को समझना है तो वेदांत को समझ लीजिए। मुख्य अतिथि श्री बृजेश कुमार त्यागी जी ने अपने अभिभाषण में कहा कि शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में मैंने नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में पाया कि हमने हमारी परंपरा को पुन: स्थापित किया है। वे चिकित्साशास्त्र और विज्ञान को वेदों और दर्शन से जोड़ने की बात करते हैं। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ.संजीव कुमार द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद शर्मा द्वारा किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित यह सेमिनार ब्लेंडेड मोड में किया गया।इसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता रही। ऑफलाइन माध्यम से 48 शोध पत्र एवं ऑफलाइन माध्यम से 72 शोध पत्र 7 तकनीकी सत्रों में प्रस्तुत किए गए। तकनीकी सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) अनीता मिश्रा, डॉ. रत्ना शेरी, डॉ. कमलेश भारद्वाज, प्रो. (डॉ.) अनीता गोस्वामी, प्रो. (डॉ.) स्मृति रायजादा प्रो. (डॉ.) मृदुला वर्मा, प्रो. (डॉ.) अनुजा गर्ग रहीं। ऑनलाइन में प्रो. (डॉ.) ब्रज महाराज, प्रो. (डॉ.) किशोर कुमार, श्री उमेश नौटियाल, डॉ. ललित गर्ग एवं विभा पाठक अतिथि वक्ता रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) अश्विनी कुमार गोयल, विशेष अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) संगीता गुप्ता प्रो. (डॉ.) अनीता रानी राठौर, प्रो (डॉ.) जीनत जैदी और प्रो. (डॉ.) राजीव गुप्ता जी उपस्थित रहे।प्राचार्य प्रो.दिव्या नाथ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।सभी अतिथियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किए।सत्र का संचालन नेहा त्रिपाठी द्वारा किया गया । इस अवसर पर सेमिनार की सह संयोजक डॉ.मीनाक्षी लोहानी के प्रयास से ऑर्गेनिक खेती एवं हर्बल उत्पादों के स्टाल भी लगाए गए।सेमिनार को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# विज्ञान संकाय में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन


महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में दिनांक: 10 अक्टूबर 2023 को एम० एस सी० बैच 2023 - 25 की नवप्रवेशित छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित समस्त छात्राएँ उपस्थित रहीं। जंतु विज्ञान विभाग की असि० प्रो० श्रीमती नीतू सिंह द्वारा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न समितियों एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया गया। साथ ही महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सेज व विषय प्रवक्ताओं के बारे में भी बताया गया। जंतु विज्ञान






विभाग के असि० प्रो० श्री अभिषेक द्वारा छात्राओं को सत्रोपरांत होने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी। विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) डी० सी० शर्मा द्वारा एम० एस सी० के दौरान पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रम के बारे में बताया एवं उपस्थिति की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ जी द्वारा उपस्थित छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने पर बधाई दी तथा सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान डॉ० नेहा त्रिपाठी, डॉ० प्रतिभा तोमर, डॉ० ऋचा, डॉ० अनुपम, डॉ० आज़ाद आलम, सुश्री सुम्बुल ज़ेहरा ने भी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

# लैंग्वेज लैब के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन

language lab & personality cell के तत्वावधान में "Classifications of sounds in English language "विषय पर दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को एक स्टूडेंट पोस्टर प्रेज़ेंटेशन सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने dental sounds, palatal sounds, intonation इत्यादि अनेक विषयों पर आकर्षक एव ज्ञानवर्धक पोस्टर प्रस्तुति की। समिति सदस्य डॉ. मिन्तु डॉ., नीलम शर्मा एव डॉ. शिखा का योगदान सराहनीय रहा । सेमिनार में वक्तव्य एव संचालन, समिति प्रभारी डॉ. श्वेता सिंह के द्वारा किया गया ।




# वाल्मीकि जयंती का आयोजन




दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ द्वारा महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वाल्मीकिजी के आदर्श मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्याजी ने कहा कि बाल्मीकि एक महान ऋषि, कवि और लेखक थे। उन्होनें प्रमुख हिन्दू ग्रन्थ "रामायण"की रचना की।इस अवसर पर प्रो० डॉ० दीप्ति वाजपेयी, प्रो० डॉ० निधि रायजादा, डॉ० नीलम शर्मा, डॉ० कनकलता एव डॉ० श्वेता सिंह एव छात्राएं उपस्थित रहे।




# संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन



संस्कृत विभाग द्वारा प्राचार्या महोदया के संरक्षण व विभाग प्रभारी डॉ० दीप्ति वाजपेयी के निर्देशन में दिनांक- 30/10/2023 से 7/11/2023 तक संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को संस्कृत बोलना सिखाया गया। संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षिका डॉ० शिखा रानी ने छात्राओं को संस्कृत सम्भाषण सिखाने का भरपूर प्रयास किया। छात्राओं ने भी बहुत उत्साह के साथ सीखा। उक्त कार्यक्रम का समापन 9/11/2023 को किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ आदरणीया प्राचार्या महोदया के कर कमलों से



दीप-प्रज्वलन कराकर किया गया। डॉ० नीलम शर्मा ने बहुत सम्यक् प्रकार से स्वागत भाषण किया व प्राचार्या महोदया ने अपने उद्बोधन से छात्राओं को लाभान्वित किया तथा संस्कृत सम्भाषण करते रहने के लिए प्रेरित किया। विभाग प्रभारी डॉ० दीप्ति वाजपेयी ने छात्राओं को अपने ओजस्वी वक्तव्य से प्रेरित करते हुए संस्कृत की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ० शिखा रानी ने किया तथा डॉ० कनकलता ने कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन किया और छात्राओं ने गीत, नृत्य, लघुसंवाद, कथावाचन व लघु नाटक द्वारा उत्तम प्रस्तुति दी। इस प्रकार कार्यक्रम अपने उद्देश्य में सफल रहा।

## राष्ट्रीय एकता दिवस



दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतमबुद्धनगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ जी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति' के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम छात्राओं को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई। इसी क्रम मे डॉ० बबली अरुण द्वारा राष्ट्रीय एकता को अभिव्यक्त करने वाले गीतों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. विजेता गौतम द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी क्रम मे एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति प्रभारी डॉ. निशा यादव ने राष्ट्र निर्माण में 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान' विषय पर व्याख्यान दिया । प्राचार्या प्रो. डॉ० दिव्या नाथ जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आजादी के बाद भी सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा। सरदार वल्लभभाई पटेल की सबसे बड़ी देन यह थी कि 562 छोटी बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर अखंड भारत का निर्माण किया । उनके दृढ़ व्यक्तित्व एवं कठोर निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता के कारण सरदार पटेल को लौह पुरुष की उपाधि दी गई है। छात्राओं को प्रेरित करते हुए प्राचार्या जी ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने एवं उनके जीवन दर्शन को अपने व्यक्तित्व मे उतारने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा , डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. आशा रानी, डॉ. दीप्ति बाजपेई, एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के सदस्य डॉ. विजेता गौतम ,डॉ.संजीव कुमार, डॉ. बबली अरुण, डॉ.शालिनी तिवारी एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई की विभिन्न गतिविधियां



"मेरी माटी मेरा देश अभियान" अगस्त माह में पंच-प्रण शपथ कार्यक्रम के आहवान के साथ दिनांक 09-08-2023 से 31-08-2023 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महाविद्यालय में आयोजित किया गया था जिसका समापन बहुत ही भव्य एवं ओजस्वी तरीके से आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कर्तव्य पथ पर वीरों को नमन कर किया गया जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की 50-50 स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय की संरक्षिका श्रद्धेय प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ 0) दिव्यानाथ के कुशल मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा देवी एवं डॉ0 अपेक्षा तिवारी के निर्देशन में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया एवं कर्तव्य पथ पर वीरों को नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर महाविद्यालय में गौरवशाली, ओजस्वी पूर्ण इतिहास रच दिया। वस्तत: इस कार्यक्रम का उद्देश्य तिरंगा अभियान को एक उत्सव के रूप में आयोजित करना था एवं देश के लिए अपनी जान गवाने वाले बहादुर जवानों का सम्मान करना था। कर्तव्य पथ पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने संपूर्ण भारतवर्ष से एकत्रित की गई माटी को नमन करते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा की मेरी माटी मेरा देश अभियान ने देश के अंदर सोए हुए देशभक्ति के जज्बे को पुनः जागृत कर उन अनजाने अमर शहीदों को पुनः श्रद्धांजलि अर्पित की । महाविद्यालय की छात्राएं भी अपने मन में देशभक्ति के जज्बे को जागृत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सीमा देवी एवं डॉ अपेक्षा तिवारी के साथ कर्तव्य पथ से अपने गंतव्य स्थान की ओर रवाना हुई। इसके अतिरिक्त दिनांक 1 दिसंबर 2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ०) दिव्या नाथ के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली के द्वारा बादलपुर एवं आस-पास के क्षेत्र में एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई । तत्पश्चात एड्स विषय पर जागरूकता , जानकारी, बचाव एवं रोकथाम संबंधी उपाय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राथमिक चिकित्सा समिति के सहयोग से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में

महाविद्यालय की छात्राओं के दांत, कान, रक्त चाप एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण हुआ । समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या (डॉ०) दिव्या नाथ के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अपेक्षा तिवारी एवं डॉ० सीमा देवी के निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सदस्यों, डॉ०निशा यादव, डॉ० शालिनी तिवारी, डॉ० शिखा ,डॉ० माधुरी पाल एवं प्राथमिक चिकित्सा समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। प्राचार्या महोदया प्रोफेसर (डॉ०) दिव्या नाथ के संरक्षण में महाविद्यालय में गठित सड़क सुरक्षा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से गठित रोड सेफ्टी क्लब द्वारा मासिक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अपेक्षा तिवारी एवं डॉ० सीमा देवी के निर्देशन में अक्टूबर माह से दिसंबर माह तक विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई जिसमें भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत अधिग्रहित ग्रामों में जाकर स्वयं सेविकाओं ने जनमानस एवं अभिभावकों को यातायात से संबंधित जानकारी दी एवं जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्थानीय लोगों से वाहन नियंत्रित गति से चलाने , हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने, ओवरटेक न करने आदि के बारे में जानकारी दी व लोगों से यातायात संबंधी नियमों का पालन करने की भी अपील की। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय कार्यालय एवं लखनऊ से प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन संबंधी विभिन्न ऑनलाइन ट्रेंनिंग कार्यक्रम का भी प्रशिक्षण राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अपेक्षा तिवारी द्वारा लिया गया जिसमें समस्त उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों कॉलेजों एवं स्कूलों के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक श्री कबीर सिंह, सचिव मंजू सिंह एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक वीरेंद्र सिंह जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य सर्वप्रथम माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं छात्रों के भविष्य को देखते हुए अन्य ट्रेनिंग प्रोग्राम के बारे में भी समय-समय पर जानकारी देना है।

## संस्कृत विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




महाविद्यालय के संस्कृत विभाग में दिनांक 03/11/ 2023 को स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. (डॉ०) दीप्ति वाजपेयी ने महाविद्यालय में संस्कृत परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से छात्राओं को अवगत कराया। डॉ० नीलम शर्मा ने महाविद्यालय की वेबसाइट की विस्तृत जानकारी तथा संस्कृत पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट स्कोर के बारे में भी सरलता पूर्वक समझाया। डॉ० कनकलता के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में संस्कृत की प्रासंगिकता एवं अबेकस यूपी पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। इसी के साथ डॉ. शिखा रानी द्वारा महाविद्यालय में संस्कृत विभाग में प्रतिवर्ष होने वाले संस्कृत संभाषण शिविर के विषय में भी जानकारी दी गई। दिनांक 9 नवंबर 2023 को समस्त विभाग प्राध्यापकों के निर्देशन में सर्वसम्मति से संस्कृत परिषद का गठन किया गया। दिनांक 12 दिसंबर 2023 को मतदाता अधिकार एवं कर्तव्य : जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में संस्कृत विभाग प्राध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया जिसमें छात्राओं को बताया गया कि मतदान उनका अधिकार है किंतु उससे भी बढ़कर वह एक राष्ट्रीय कर्तव्य है । एक सही सरकार के चुनाव के लिए सभी के पास मतदान पहचान पत्र होना चाहिए । अतः सभी छात्राएं जो मतदान के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं, उन्हें अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाना चाहिए । एक जागरूक मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए और प्रत्याशी का चुनाव उसके आचार, व्यवहार एवं योग्यता को देखकर करें, न कि उसके द्वारा किये गए लुभावने वायदें, जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म एवं तात्कालिक लाभ को देखकर । कार्यशाला में सभी छात्राओं को मतदान अवश्य करने के लिए शपथ भी दिलाई गई । द्वितीय सत्र में सभी छात्राओं ने मतदान के संबंध में प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए अपने-अपने ग्रामवासियों, परिवारजन तथा आस-पड़ोस सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया। संस्कृत परिषद के तत्वावधान में 16 दिसंबर को पोस्टर प्रतियोगिता एवं 22 दिसंबर को कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया पोस्टर प्रतियोगिता में तनु ,काजल नागर एवं खुशबू तथा कहानी प्रतियोगिता में गौरी सिंह, पायल कुमारी एवं गौरी विजयी रहीं।

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 04/11/23 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "TOOLS OF POWER POINT PRESENTATION" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमे बी०वॉक विभाग के डा0 आज़ाद आलम मुख्य वक्ता रहे । इसमें M.A.(अर्थशास्त्र) I सेमेस्टर और III सेमेस्टर, B.A I, III एवम V सेमेस्टर के साथ बी०वॉक की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। डा0 आजाद आलम के द्वारा एक



अच्छे और प्रभावशाली POWER POINT PRESENTATION बनाने के तरीकों को समझाया गया। M.A.की छात्राओं शिवानी, भावना, एकता आदि ने अनेक प्रश्न पूछे जिनके संतोषजनक उत्तर उनको दिए गए। अंत में डा0 आज़ाद आलम ने POWER POINT PRESENTATION बनाकर भी दिखाया । डॉ0 आज़ाद ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन इस्तेमाल करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित भी कियाकार्य क्रम के अंत में श्रीमती भावना यादव विभागाअध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री गजेन्द्र सिंह द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के समस्त प्राध्यापक श्रीमती पवन, श्री गजेंद्र सिंह , डॉ0 ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की सत्र की प्रथम बैठक संपन्न



महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की सत्र 2023-2024 की प्रथम बैठक दिनांक 07 नवंबर 2023 को महाविद्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में संपन्न हुई । ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों ने बैठक में सहभागिता की । सर्वप्रथम आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफ़ेसर [डॉ.] दिव्या नाथ द्वारा सभी सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया गया एवं बैठक में प्रतिभाग करने हेतु उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। IQAC के उद्देश्यों के अनुरूप आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. [डॉ.] दीप्ति वाजपेयी ने सदन को विगत बैठक में प्रस्तावित कार्यों की पूर्णता से अवगत कराया तथा आकर्षक पी.पी.टी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विगत तीन माह में महाविद्यालय द्वारा किए गए विभिन्न छात्रा हित के कार्य और उपलब्धियों से सभी को सुपरिचित कराया, जिसमें Students Satisfaction Survey, Acadmic Audit, दीक्षारंभ कार्यक्रम, IQAC Workshop, Value Added Course, AQAR Prepration, Extension Lecture, Nutrition week, हिंदी दिवस, संस्कृत संभाषण शिविर इत्यादि प्रमुख थे । इसके पश्चात उन्होंने महाविद्यालय के आगामी एजेंडे पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसमें भारतीय प्राच्य ज्ञान से संबंधित सेमिनार का आयोजन, निशुल्क चिकित्सा शिविर, साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन, आई.क्यू.ए.सी कार्यशाला, कैरियर काउंसिलिंग समिति के तत्वावधान में एम.ओ.यू. महाविद्यालय त्रैमासिक न्यूज़ लेटर प्रतिबिंब का प्रकाशन, भारतीय प्राच्य ज्ञान पर पुस्तक का संपादन, युवा मेला "अस्मिता" इत्यादि प्रमुख हैं। इसके पश्चात सदन के प्रत्येक सदस्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए महाविद्यालय हित में विभिन्न सुझाव दिए, जिसके अंतर्गत डॉ.एम.एम. शैरी डायरेक्टर ट्रिपल आईटी लखनऊ, श्री ज्ञान प्रकाश क्षेत्रीय अधिकारी उच्च शिक्षा मेरठ, डॉ पारुल सक्सेना गलगोटिया यूनिवर्सिटी, डॉ0 राजीव नयन दिल्ली विश्वविद्यालय, श्रीमती शिवानी अंबुजा सीमेंट, श्री सुदेश कुमार स्पंदन संस्था, ग्राम प्रधान श्रीमती महेश्वती, नमो गंगे प्रतिनिधि, श्री आदित्य हॉलैंड ट्रैक्टर, सुश्री अंजली खुराना एचसीएल, अभिभावकगण तथा पुरातन एवं वर्तमान छात्राओं सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। प्राचार्य (डॉ0) दिव्या नाथ के मार्गदर्शन में संपन्न हुई आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की बैठक के आयोजन में डॉ.दिनेश चंद्र शर्मा, डॉ शिवानी वर्मा, डॉ0 सत्यंत कुमार एवं डॉ0.अरविंद कुमार यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही तथा डॉ0 किशोर कुमार एवं डॉ0 शिल्पी ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपना अपेक्षित सहयोग दिया ।



## जंतु विज्ञान विभाग द्वारा एक्सटेंशन व्याख्यान का आयोजन



महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा 19 नवंबर 2024 को 'Exploring Forensic Science' शीर्षक पर आधारित एक एक्सटेंशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महा० की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ जी के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। एक्सटेंशन लेक्चर का शुभारम्भ करते हुए कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती नीतू सिंह द्वारा प्राचार्या महोदया को पादप प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ० फरीदा, फॉरेंसिक विभाग, संतोष मेडिकल महाविद्यालय एवं हॉस्पिटल, ग़ाज़ियाबाद का स्वागत डॉ० आज़ाद आलम द्वारा पादप प्रदान कर किया गया। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में फॉरेंसिक साइंस के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक पावर पॉइंट के माध्यम से उपस्थित छात्राओं को समझाया। फॉरेंसिक साइंस किस प्रकार से क्रिमिनल्स को पकड़वाने में एवं घटनाओं को समझने में मदद करती है। फॉरेंसिक साइंस में उच्च शिक्षा कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं तथा इसके बाद कहाँ और कैसे रोज़गार प्राप्त किया जा सकता है के बारे में बताया। कार्यक्रम में बी० एस सी०, एम० एस सी० तथा बी० वॉक० की छात्राओं ने उपस्थित रहकर व्याख्यान का लाभ उठाया। कार्यक्रम का सञ्चालन श्री अभिषेक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती नीतू सिंह ने प्राचार्या मैडम, अतिथियों एवं उपस्थित प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## जंतु विज्ञान विभाग में कार्यशाला का आयोजन



महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 21 नवंबर 2023 को "Crafting Success : Leveraging Online Skill Courses to Enhance Soft Skills " शीर्षक पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की सॉफ्ट स्किल्स के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यशाला की आयोजक जंतु विज्ञान विभाग की असि० प्रो० श्रीमती नीतू सिंह ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि किस प्रकार सॉफ्ट स्किल्स विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास एवं पेशेवर सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यशाला में मुख्य वक़्ता जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) डी० सी० शर्मा ने सॉफ्ट स्किल्स को सीखने हेतु ऑनलाइन स्किल कोर्सेज के सही इस्तेमाल को छात्राओं को बताया एवं विभिन्न कोर्सेज को किस प्रकार लिंक के माध्यम से खोलना है एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को प्रयोगात्मक रूप से समझाया। साथ ही छात्राओं की उपर्युक्त से सम्बंधित विभिन्न जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यशाला के दौरान ही हिमांशी , साक्षी आदि छात्राओं ने अपनी पसंद के कोर्स में रजिस्ट्रेशन पूर्ण किया। कार्यशाला में डॉ० नेहा त्रिपाठी, डॉ० ऋचा, श्री अभिषेक, डॉ० आज़ाद आलम, सुश्री सुम्बुल ज़ेहरा उपस्थित रहे एवं छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## राष्ट्रीय कौमी एकता दिवस का आयोजन



दिनांक 21/11/23 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कौमी एकता दिवस का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में डॉ0 अपेक्षा तिवारी द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि किस प्रकार देश को एकता एवं अखंडता के सूत्र में पिरोया जा सकता है तत्पश्चात प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा देवी ने छात्राओं से वार्ता करते समय विचारों का आदान-प्रदान किया एवं छात्रों के अनेक प्रश्नों का समाधान किया साथ ही कार्यक्रम की अन्य सदस्य डॉ0 माधुरी पाल के द्वारा छात्रों को देश प्रेम की भावना के विषय में विस्तार से बताया । तत्पश्चात डॉ0 शिखा द्वारा छात्रों को एकता का अर्थ समझाया । उक्त कार्यक्रम में दोनों इकाईयों के सभी सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही जिस कारण कार्यक्रम अपनी सफलता को प्राप्त हुआ ।





## अंग्रेजी विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन

अंग्रेज़ी विभाग, कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर द्वारा दिनांक 22 नवम्बर 2023 को एक विभागीय सेमिनार " Use of PPT presentation in English classroom " विषय पर आयोजित किया गया । इस सेमिनार में







बी. ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर मोबाइल फ़ोन में पीपीटी बनाकर प्रस्तुति की।सेमिनार का संचालन डॉ0 श्वेता सिंह द्वारा किया गया। डॉ जूही बिरला, डॉ0 विजेता गौतम एव डॉ0 अपेक्षा तिवारी ने सेमिनार में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## जंतु विज्ञान विभाग में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन



महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में एम० एस सी० बैच 2023 -2025 की नवप्रवेशित छात्राओं हेतु स्वागत समारोह का आयोजन दिनांक 22 नवंबर 2023 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ जी द्वारा रिबन काटकर की गयी। तत्पश्चात प्राचार्या महोदया द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व् माल्यार्पण किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ जी का स्वागत विभाग प्रभारी प्रो० (डॉ०) दिनेश चंद शर्मा जी ने पादप प्रदान कर किया। दोनों बैच की छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एकल व समूह नृत्य, लघु नाटिका, रोल प्ले, प्रतियोगी खेल तथा रैंप वॉक

आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान विभिन्न राउंड्स को सफलतापूर्वक पार कर साक्षी भारद्वाज को मिस फ्रेशर चुना गया। साथ ही स्मृति एवं गीता को रनर अप चुना गया। नवीन बैच की सभी छात्राओं को उनके सीनियर्स ने स्मृतिचिन्ह के रूप में उपहार प्रदान किये। समारोह का सञ्चालन शैली खारी तथा अनुष्का ने किया। समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ जी द्वारा अपने वक्तव्य में छात्राओं के प्रबंधन की प्रशंसा की साथ ही नवप्रवेशित छात्राओं को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान जंतु विज्ञान विभाग के प्रवक्ताओं के साथ विज्ञान एवं कला संकाय के प्रवक्ताओं ने उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## साहित्यिक सांस्कृतिक सप्ताह "त्रिवेणी" का भव्य आयोजन



महाविद्यालय की साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में दिनांक 23 नवंबर से 2 दिसंबर तक साहित्यिक सांस्कृतिक सप्ताह "त्रिवेणी" का भव्य आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदया के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में छात्राओं की साहित्यिक, कलात्मक एवं सृजनात्मक अभिरुचियों को मंच देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 'कार्यक्रम का शुभारंभ नृत्य प्रतियोगिता के माध्यम से तथा समापन लघु नाटिका प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया । इसके साथ-साथ गायन, मेहंदी, रंगोली, वाद विवाद, कहानी लेखन, स्वरचित कविता, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई' जिसमें महाविद्यालय की समस्त संकायों की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्राचार्य प्रोफेसर दिव्या नाथ ने संपूर्ण साहित्यिक सांस्कृतिक समिति को बधाई दी और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियां छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं । अतः महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ इन सभी गतिविधियों का भी विशेष महत्व है। साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद प्रभारी प्रो. (डॉ०) दीप्ति वाजपेयी ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय संपूर्ण समिति को दिया और आगामी सत्रों में भी साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का वृहद आयोजन कराए जाने पर प्रतिबद्धता व्यक्त की। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद् के समस्त सदस्यों प्रो. (डॉ०) शिवानी वर्मा, डॉ० शिल्पी, डॉ० नेहा त्रिपाठी, डॉ० बबली अरुण, डॉ० मिंतू, डॉ० शालिनी तिवारी, डॉ० अमर ज्योति, डॉ० विनीता एवं डॉ० सोनम शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अंग्रेजी विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन।



दिनांक 25/11/2023 को महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा "Research Methods and Material in English" विषय पर विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 दिव्यानाथ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसंधान ज्ञान को हमेशा नवीन एवं ग्राही बनाता है । आज हम जिस तकनीकी और डिजिटल युग में जी रहे हैं वह रचनात्मक अनुसंधान का ही परिणाम है अतः ज्ञान को नित्य नवीन आयाम देने के लिए वर्तमान समय में अनुसंधान की महती आवश्यकता है।भाषा अनुसंधान को सहज और सरल बनाने का काम करती है। संपूर्ण मानव जीवन रचनात्मक प्रवृत्तियों से भरा रहता है। हम सभी को अपने जीवन में रचनात्मक प्रवृत्तियों को निरंतर बढाते रहने की जरुरत है । ऐसा करके हम अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकते हैं । इस अवसर पर सेमिनार की आयोजक डा0 अपेक्षा तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंग्रेजी विषय पर अनुसंधान में संभावनाएं के बारे में प्रकाश डाला । इसके अतिरिक्त विभाग प्रभारी डा0 जूही बिरला ने छात्राओं को अनुसंधान को सहज एवं ग्राही बनाने हेतु सुझाव भी दिए एवं उक्त विषय पर विभाग के अन्य प्राध्यापक डॉ0 विजेता गौतम एवं डॉ0 श्वेता सिंह ने भी अनुसंधान के प्रायोगिक एवं व्यावहारिक पक्ष पर अपने विचार छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किये तत्पश्चात छात्राओं ने अपने सारगर्भित अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किए ।

## संविधान दिवस का आयोजन



कुमारी मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय बादलपुर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) दिव्या नाथ के निर्देशन में 26/11/26 को 74 वे संविधान दिवस का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में छात्रों को संविधान की शपथ दिलवाकर किया गया । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे जिसमें छात्राओं की भागीदारी अत्यंत सराहनीय थी कार्यक्रम में संविधान की शपथ प्राचार्य

द्वारा दिलाई गई साथ ही कार्यक्रम का संचालन एवं छात्राओं को "संविधान के महत्वपूर्ण पक्षों का संक्षिप्त परिचय" डॉ सीमा देवी,राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दिया गया। छात्राओं के संविधान के प्रति जिज्ञासा इस स्तर पर दिखाई देती थी कि उन्होंने अनेक विषयों पर चर्चा की । साथ ही 'संविधान दिवस पर एक प्रश्नोत्तरी' का आयोजन डॉ० रंजना उपाध्याय द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



कु.मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 30/11/23 को पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर (डॉ.) दिव्या नाथ द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. सीमा देवी द्वारा किया गया। डा0 सीमा देवी द्वारा बताया गया के किस प्रकार उनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन में महाविद्यालय कि समस्त छात्राओं को मतदान पहचान पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है और महाविद्यालय बहुत हद तक अपने इस कार्य में सफल रहा है । निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में जिला स्वीप कोर्डिनेटर डॉ.वंदना यादव,डॉ शालिनी सिंह,डॉ. गीता भाटी तथा महिला उन्नति संस्था पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वंदना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। प्रोफ़ेसर (डॉ.) दिव्या नाथ ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि मतदान राष्ट्र निर्माण का बहुमूल्य चरण है जहाँ सामान्य से सामान्य व्यक्ति को भी सरकार के शिल्पकार बनने का अवसर मिलता है जबकि मतदाता पहचान पत्र वो संवैधानिक दस्तावेज़ है जो एक आम नागरिक को भी भाग्य विधाता होने का सामर्थ्य प्रदान करता है। अतः राष्ट्र के निर्माण में योगदान के लिए हर वोट ज़रूरी है, मतदान ज़रूरी है। मतदाता जागरूकता अभियान समिति की प्रमुख सलाहकार डॉ. ममता उपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में गौतम बुध नगर - स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. वंदना को सूचना दी गई कि महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के द्वारा लगभग 1500 छात्राओं का मतदाता पहचान पत्र हेतु पंजीकरण कराए गए। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों की उपस्थिति और सहयोग सराहनीय रहा।

## नि:शुल्क जाँच शिविर का आयोजन




कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 1.12. 23 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० दिव्या नाथ के निर्देशन में प्राथमिक चिकित्सा समीती एवम वूमेन हेल्थ क्लब द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत संतोष मेडिकल कॉलेज एवम हॉस्पिटल गाजियाबाद के डॉक्टर्स की टीम द्वारा फ्री डेंटल जांच, आंखों एवम खून की जांच की गई। दांतों का चेकअप डॉ० विधि, डॉ० नेक्सन, डॉ० सुरभि द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत कैविटी चेकअप, रूट इन्फेक्शन आदि की जांच की गई। रक्त की जांच के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं का हीमोग्लोबिन एवम ब्लड ग्रुप की जांच की गई। डॉ० मनीष राघव, डॉ० अमित यादव तथा उनकी टीम के अन्य सदस्य द्वारा यह जांच की गई। आंखों की जांच के अंतर्गत आई साइट एवम इन्फेक्शन की जांच डॉ० सौरव, डॉ० तरुण कुमार एवम उनकी टीम के अन्य सदस्यों द्वारा की गई। इस निशुल्क जांच शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं ने बहुत अधिक संख्या में जांच करवाई एवम लाभान्वित हुईं। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा भी जांच कराई गई। इस शिविर के संचालन में प्राथमिक चिकित्सा एवम वूमेन हेल्थ क्लब की संयोजिका श्रीमती नीतू सिंह, प्रभारी डॉ० सोनम शर्मा, डॉ० रमाकांति, श्रीमती शालिनी, श्रीमती पवन, श्रीमती नीलम यादव, श्रीमती माधुरी पाल, डॉ० रंजना उपाध्याय ने अपना सक्रिय योगदान दिया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में गठित एन. एस. एस की प्रथम एवम द्वितीय इकाई तथा महिला प्रकोष्ठ के समस्त सदस्यों से शिविर के संचालन में सहयोग प्राप्त हुआ।

## जंतु विज्ञान विभाग में स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन



महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 2 दिसंबर 2023 को विज्ञान विभाग की छात्राओं हेतु "Cutting - edge Technological Trends " शीर्षक पर आधारित एक स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालक जंतु विज्ञान विभाग के असि० प्रो० श्री अभिषेक द्वारा सेमिनार के विषय की वर्तमान में उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सेमिनार की आयोजक जंतु विज्ञान विभाग की असि० प्रो० श्रीमती नीतू सिंह ने बताया कि आज के समय को तकनीकी युग क्यों कहा जाता है एवं विज्ञान के विद्यार्थी को इनके बारे में जानना एवं समझना क्यों आवश्यक है। सेमिनार में बी० एस सी० तथा एम० एस सी० की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने विभिन्न तकनीकों जैसे CRISPR -Cas9, IOT, AI, Nanobots आदि पर पॉवरपॉइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया। सेमिनार में साक्षी भारद्वाज, स्मृति, आकांक्षा,अक्षिता, साक्षी, अनुष्का, शैली आदि छात्राओं का प्रस्तुतीकरण सराहनीय रहा। सेमिनार में प्रतिभाग के दौरान छात्राओं ने प्रश्नों के समुचित उत्तर भी प्राप्त किये। सेमिनार के अंत में आयोजक असि० प्रो० श्रीमती नीतू सिंह ने समस्त उपस्थित प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## रेंजर शिविर का आयोजन



कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर में दिनांक 3 से 5 दिसंबर 2023 तक रेंजर्स शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के उदघाटन सत्र की मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ.)दिव्या नाथ जी रहीं। शिविर में स्काउट गाइड कमिश्नर श्री शिव कुमार ने रेंजर प्रशिक्षण प्रदान किया। शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे फर्स्ट एड, गांठें बंधन, टेंट बनाना एवं मूल्यांकन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । निबंध प्रतियोगिता का विषय महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका रहा । उक्त प्रतियोगिता डॉ० सोनम के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आस्था एवं कृतिका वर्मा ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा बी.एस सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. ऋचा के नेतृत्व में ईको रैस्टोरेशन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा शालू नागर ,आकांक्षा एवं रिया ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. बॉबी यादव के मार्गदर्शन में जलवायु परिवर्तन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा काजल एवं शिवानी नागर ने प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त किया ,वहीं बीकॉम की छात्रा पूनम रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हस्तशिल्प कला कौशल प्रतियोगिता में रिया ,तान्या एवं शिवानी क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीया स्थान पर रही। वही गांठे बंधन प्रतियोगिता में छवी शर्मा, शालू नागर एवं आस्था ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर के अंतिम दिन आयोजित हस्तशिल्प कला कौशल एवं सर्वश्रेष्ठ टोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर लक्ष्मीबाई टोली को सर्वश्रेष्ठ टोली घोषित किया गया। कार्यक्रम काआयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो (डॉ.) दिव्या नाथ जी के निर्देशन एवम मार्गदर्शन में अहिल्याबाई टीम प्रभारी डॉ. बॉबी यादव एवं गार्गी टीम प्रभारी श्रीमती भावना यादव द्वारा किया गया एवं समिति सदस्य,डॉ. ऋचा एवं डॉ. सोनम ने शिविर के आयोजन में अपना उल्लेखनीय योगदान प्रदान किया । महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने शिविर के अंतिम दिन उपस्थित रहकर विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया।

## साहित्यिक सांस्कृतिक सप्ताह का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



महाविद्यालय में दिनांक 23 नवंबर से संचालित साहित्यिक सांस्कृतिक सप्ताह "त्रिवेणी" का भव्य समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ दिनांक 4दिसंबर 2023 को संपन्न किया गया । कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसके अंतर्गत मनमोहक नृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत की गई तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. मोनिका सिंह, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अरनिया,बुलंदशहर एवं प्राचार्या प्रो० दिव्या नाथ द्वारा विजयी छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए । उन्होंने मुख्य अतिथि का पादप द्वारा स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो० मोनिका सिंह ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्होंने छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार की साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं

के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं अतः पठन-पाठन के साथ-साथ महाविद्यालय में इन प्रतियोगिताओं का भी विशेष महत्व है। प्राचार्य (डॉ०) दिव्या नाथ ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है हमें जीतने की इच्छा से मुक्त होकर सीखने की इच्छा के साथ इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए साहित्यिक सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. दीप्ति वाजपेयी ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय प्राचार्य महोदया के निर्देशन और समिति के समस्त सदस्यों के अथक प्रयासों और सामूहिक चेतना को दिया । अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर समारोह का अंत किया गया । संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद् के समस्त सदस्यों प्रो. (डॉ.) शिवानी वर्मा, डॉ. शिल्पी, डॉ. नेहा त्रिपाठी, डॉ. बबली अरुण, डॉ. मिंतू, डॉ. शालिनी तिवारी, डॉ. अमर ज्योति, डॉ. विनीता एवं डॉ .सोनम शर्मा के साथ साथ डॉ. मीनाक्षी लोहनी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्काउट एवं गाइड शिविर का आयोजन

कु॰ मायावती राजकीय महिला महाविद्यालय, बादलपुर की बी॰एड॰ द्वितीय वर्ष (सत्र 2023-24) की छात्राओं के पाठ्यक्रम में निहित स्काउट एवम् गाइड के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्राचार्य प्रो॰ (डॉ॰) दिव्या नाथ जी की अध्यक्षता में दिनाँक 7 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2023 को किया गया। प्रशिक्षण हेतु ज़िला स्काउट अधिकारी श्री शिव कुमार जी उपस्थित





रहे। शिविर के दौरान छात्राओं ने स्काउट गाइड के ऐतिहासिक पक्ष जानने के साथ झण्डा गीत, स्काउट गाइड प्रार्थना, तम्बू निर्माण, प्राथमिक उपचार के तरीक़े, विभिन्न प्रकार के गाँठ बंधन तथा ध्वजारोहण की सम्मानित विधि को सीखा। छात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों की संपूर्ण जानकारी देने के लिया नौ टोलियों में बाँटा गया तथा क्रिया विधि द्वारा प्रत्येक राज्य से संबंधित कला एवं संस्कृति, सामाजिक एवं राजनीतिक तथ्यों प्रदर्शित को करने की कला सिखायी गई। इस प्रकार छात्राओं ने अपने व्यक्तित्व निर्माण के साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति के लिए समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया और शिविर आयोजन को सफल बनाया।

## अंग्रेजी विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन

अंग्रेज़ी विभाग, कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को एक विभागीय सेमिनार " Cultural Studies " विषय पर आयोजित किया गया। इस सेमिनार में एम. ए की छात्राओं ने





फ़ेमिनिज़्म,इकोक्रिटिसिजिज्म इत्यादि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।सेमिनार का संचालन डॉ श्वेता सिंह द्वारा किया गया। डॉ जूही बिरला, डॉ विजेता गौतम एव डॉ अपेक्षा तिवारी ने सेमिनार में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## चौधरी चरण सिंह जयंती का आयोजन

हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों के मसीहा, चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर दिनांक 23-12-23 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) दिव्या नाथ के द्वारा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके समाज़ के लिए योगदान को पुनः स्मरण किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह की ग्राम और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और

कृषक लोकतंत्र की संकल्पना की आज भी सार्थकता है। धरती पुत्र के इस योगदान के लिए ग्रामीण भारत सदैव ऋणी रहेगा।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों एव छात्राओं द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

## अटल बिहारी जयंती का आयोजन

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो.(डॉ.)दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी का

साहित्य से भी बहुत लगाव रहा। वह एक कवि के रूप में भी विश्वाविख्यात थे। उनके संघर्षपूर्ण राजनीतिक सफ़र को इस अवसर पर याद किया गया।डॉ.श्वेता सिंह, डॉ.जूही बिरला, डॉ.विजेता गौतम, डॉ.नीलम शर्मा, डॉ.अरविंद यादव, डॉ.परवेज़ शमीम, डॉ.सीमा एव छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।

## विभिन्न विभागों में पी एच. डी.वायवा संपन्न



कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर में विभिन्न विभागों में पी एच.डी. वायवा संपन्न हुए। प्रो. (डॉ.) निधि रायजादा के निर्देशन में शोधरत छात्र श्री अमित कुमार का फाइनल वायवा दिनांक 11.10.2024 को संपन्न हुआ । प्रो. (डॉ.) अर्चना वर्मा, पूर्व प्राचार्या, मा.कांशीराम राजकीय महाविद्यालय,नंदग्राम के दिशा-निर्देशन में शोधरत छात्र श्री अनिल कुमार का फाइनल वायवा दिनांक 16.10.2023 को महाविद्यालय के साइंस के स्मार्ट कक्ष में संपन्न हुआ। इसी क्रम में डॉ. मीनाक्षी लोहनी के निर्देशन में दो शोधरत छात्रों श्री मनीष व श्री ओमप्रकाश की मौखिक संपन्न हुई। हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. मिन्तु, के निर्देशन में शोधरत छात्रा कु. पूनम चौहान का फाइनल वायवा स्मार्ट कक्ष में संपन्न हुआ।


सम्पादिका
डॉ. दीप्ति वाजपेयी
डॉ. मिन्तु
डॉ. नीलम शर्मा

छात्रा प्रतिनिधि
कु. काजल नागर , एम.ए. द्वितीय वर्ष
कु साक्षी तंवर, बी.एड प्रथम वर्ष

संरक्षिका
डॉ. दिव्या नाथ
( प्राचार्या )

KMGGPGC
स्थापना वर्ष-1997
Vol 7/issue 2/Oct. 2023- Dec. 2023